

नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026

# पुलिस गिरफ्त में आया मंदिर से चोरी करने वाला

## आरोपी के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया चांदी का मुकुट और कुंडल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ईसागढ़ पुलिस द्वारा मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया मुकुट एवं कुंडल बरामद किए गए है।

दरअसल 13 फरवरी कोठारखेड़ी निवासी अमर सिंह बंजारा पुत्र श्रीराम वंजारा ने पुलिस को बताते हुए रिपोर्ट कराई थी कि किसी अज्ञात चोर द्वारा हनुमान जी मंदिर के मैन गेट व अंदर वाले गेट का ताला ग्रांइडर मशीन से तोडकर श्री हनुमान मंदिर का चांदी का मुकुट एवं चांदी के कुंडल चोरी कर ले गया। पुलिस ने जहां प्रकरण की सूचना मिलने पर मामला पंजीवद्ध किया तो



वहीं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी ईसागढ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एंव चोरी गये माल की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये तकनीकी साक्ष्यों एवं सशक्त मुखविर तंत्र की सहायता से आरोपी अरविन्द्र पुत्र मोहन सिंह बंजारा निवासी कोठारखेडी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। तो वहीं आरोपी के कब्जे से चोरी गया चांदी का मुकुट एवं चांदी के कुंडल वजनी करीबन 650 ग्राम कीमती 1,50,000 रुपये जप्त किए। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक यशपाल सिंह रघुवंशी, जगदीश सिंह यादव, मनोज कुमार, आरक्षक रुपेन्द्र तोमर, देवेन्द्र लोधी, महेश मांझी, अर्जुन शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# मजदूरों से भरी ट्राली पलटी, एक दर्जन घायल

**घायलों में तीन की हालत नाजुक जिला अस्पताल के लिए रैफर**

**आदिवासी परिवार मजदूरी के लिए जा रहे थे दूसरे गांव**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अपने पेट पालने के लिए रोजी रोटी की तलाश में जा रहे मजदूरों की एक ट्राली अंनियत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण उसमें सवार करीब एक दर्जन लोग इस हादसे में घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदेरी में भर्ती कराया गया। जहां तीन की हालत नाजुक होने पर उन्हें उच्च उपचार के लिए जिलाचिकित्सालय रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम निदानपुर से आदिवासी परिवारों की समूह दो ट्रेक्टर-ट्राली की मद्द से ईसागढ़ की ओ



रहा था, इसी बीच नसीहर घाटी में दो में एक ट्रेक्टर की ट्राली अनियत्रित हो गई होकर पलट गई। जिसकी बजह से ट्राली में बैठे दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना में सबसे ज्यादा चोटे महिलाओं और बच्चों को आई, जिनका उपचार चंदेरी अस्पताल में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले के खेतों में खड़ी फसल पककर तैयार हो गई, तो वहीं कई स्थानों पर पकने की कगार पर है, जिसके चलते कटाई का सीजन शुरू हो गया है।

## एक नजर में



### शांति समिति की बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए सिटी कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान, यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, नपा इंजीनियर भानू कुशवाह और विद्युत विभाग के उपयंत्री उज्जवल बारंगे उपस्थित रहे।

इस दौरान थाना प्रभारी श्री चौहान ने बताया कि आगामी दिनों में हिंदू और मुस्लिम समाज के त्यौहार एक साथ है, जिसके चलते प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी त्यौहारों को परंपरागत रूप से मनाया जाए। तो वहीं होली उत्सव के दौरान ही मुस्लिम पक्ष से पवित्र रमजान माह चल रहा है। जिसमें शांति और सद्भाव की मिसाल कायम रखते हुए लोग सभी त्यौहार कनाए। बैठक में सामाजिक व धार्मिक संगठन सदस्यों के साथ शांति व्यवस्था के साथ पर्व और होने वाले आयोजनों पर चर्चा के साथ सुझाव लिए होली त्योहार के सभी आयोजनों में होलिका दहन , धुरंडी , दोज तथा रंगपंचमी उत्सव पर नगर पालिका सहित विद्युत विभाग तथा शहरी ट्रैफिक को व्यवस्थित बनाए रखने की बात पूर्व अनुभवों के आधार पर सुनिश्चित की है, बैठक में अधिकांश लोगों ने होली दहन , रंग पंचमी के आयोजनों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्वाइंट क्लियर किए हैं, टी आई श्री चौहान ने पर्याप्त पुलिस व्यवस्था शहर के अलग अलग जॉन में लगा कर व्यवस्थाएं सामाजिक मान से अनुकूल बनाए रखने की व्यवस्था से सदस्यों को अवगत कराया।

### जनसुनवाई में आए आवेदक की समस्या का हुआ निराकरण

**अशोकनगर।** ग्राम करख्या निवासी दृष्टिबाधित अशोक उर्फ मुल्ला जाति अहिरवार जो कि अपनी पत्नी के संग जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी भूमि का कब्जा दिलाने का निवेदन किया था। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए थे। एसडीएम के निर्देशन में शाढौरा तहसीलदार ने तहसील पंहुचे दृष्टिबाधित आवेदक व उनकी पत्नी को शासकीय वाहन से पटवारी के दल के साथ मौके पर भेजा और वहां राजस्व टीम ने अशोक उर्फ मुल्ला अहिरवार एवं रिंकु पुत्र मांगीलाल अहिरवार दोनों पक्षों में विवाद का निपटारा कराया।



### जलालपुर में संकल्प से समाधान अभियान शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलस्टर लेवल कैम्प ग्राम पंचायत जलालपुर में आयोजित किया गया। संकल्प से समाधान अभियान में कुल 135 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों मे से 35 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया व शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। इस कैम्प में नायब तहसीलदार कार्तिकेय मुदगल सहित पटवारी ग्राम, रोजगार सहायक एवं सरपंच उपस्थित थे।

# यूजीसी के समर्थन में 28 को महा आंदोलन

## प्रेसवार्ता कर दी जानकारी, आंदोलन में शामिल होंगे एससी, एसटी और ओबीसी के लोग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आगामी 28 फरवरी को दीनाभाना की जयंती के अवसर पर एससी,एसटी और ओबीसी समाज के लोगों द्वारा यूजीसी कानून के समर्थन में आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही एक ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। इसी आंदोलन की तैयारियों और कार्यक्रम की जानकारी से अवगत कराने के लिए संयुक्त समाज के लोगों द्वारा बुधवार को एक प्रेसवार्ता राजश्री होटल में आयोजित की गई। जिसमें ओबीसी महासभा के डॉ. बृजेंद्र यादव, केपी यादव सेमरा, रामस्वरूप शिवहरे, लक्ष्मण वघेल सहित अन्य लोगों ने आंदोलन के बारे में विस्तार से बताया।



संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों द्वारा अपने अधिकारों की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। जो दीनाभाना की जयंती पर किया जाएगा। इस दौरान जहां पहले सभी लोगों द्वारा समाज के नायम की जयंती मनाई जाएगी, तो वहीं उसके बाद प्रदर्शन करते हुए रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे, जहां पर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### आठ मांगों को लेकर किया जायेगा प्रदर्शन

प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया कि यह आंदोलन एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों की मांग को लेकर किया जा रहा है, न कि किसी वर्ग विशेष के खिलाफ, आंदोलन में मुख्य रूप से यूजीसी पूर्ण रूप से लागू किये जाने, ओबीसी का 13 प्रतिशत होल्ट हटाने, ओबीसी को विधानसभा, लोकसभा में आरक्षण लागू किये जाने, जातीय जनगणना में ओबीसी का कॉलम जोड़े जाने, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी तय किये जाने, एससी, एसटी और ओबीसी के बैकलॉग पदो की भर्ती किये जाने, ग्वालियर हाईकोर्ट में बाबा साहब की प्रतिमा लगाने और आईएएस संतोष वर्मा से संबंधित प्रकरण में पारदर्शी एवं निष्पक्ष समीक्षा किये जाने की मांग की जाएगी।



# विवाद में महिला पर डाला गर्म पानी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** परिवार में चल रहे विवाद में बीच बचाव करना बहूं को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब झगड़ रहीं सास और ननदो ने उस पर गर्म पानी डाल दिया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई, जिसके चलते परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए जिलाअस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

अस्पताल में उपचाररत् मंदसौर मिल निवासी गुड्डी बाई ने बताया कि उसके घर में झगड़ा हो रहा था, तभी वह बीच बचाव करने पहुंची, तो सास इमरती बाई और उनकी ननद जमना , लक्ष्मी और रानी उस पर गर्म पानी डाल दिया, जब महिला पर गर्म पानी डाला गया, तो वह अपना बचाव भी नहीं करई पाई। जिसकी बजह से वह गंभीर रूप से झुलस गई। जिसके चलते उसे अस्पताल के वर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। इस मामले में जहां पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई। तो वहीं महिला का उपचार उसके पति द्वारा अस्पताल में कराया जा रहा है।

# देवदूत बन घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**सड़क हादसे के घायलों को विधायक पुत्र ने कराया भर्ती**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब पंजाब सिंह कटारिया एवं सोनू कटारिया (छितरी) सहित अन्य लोग शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी दौरान पिपरई से शादी समारोह में शामिल होकर मुंगावली लौट रहे विधायक पुत्र एवं ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव की नजर घायलों पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायलों को सड़क से उठवाया और अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगावली पहुंचाया। अस्पताल पहुंचकर उन्होंने चिकित्सकों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए और कहा कि इलाज में किसी प्रकार की कमी न रहे, वे हर संभव सहायता के लिए तैयार हैं। शेष दो अन्य घायलों को भी उनके द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से पिपरई अस्पताल भिजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि समय रहते घायलों को अस्पताल न



पहुंचाया जाता तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। विधायक पुत्र के इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है, इस मामले में अर्जुन सिंह यादव ने बताया कि शादी समारोह में पिपरई से मुंगावली आ रहा था तभी यह रस्ते में हादसे को देखा जिसके बाद दो लोग ज्यादा गंभीर घायल थे जिन्हें उपचार की तुरंत जरूरत थी जिसे में अपनी गाड़ी में दोनों घायलों को बैठाकर सिविल अस्पताल लाकर प्राथमिक उपचार कराया। मेडिकल ऑफिसर धर्मवीर यादव ने कहा कि दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# परीक्षा सामग्री का किया गया वितरण

**कल से शुरू हो रहीं कक्षा 9 एवं 11वीं की परीक्षाएं**

**जिले में परीक्षा के लिए बनाए गए 101 केंद्र**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही कल से कक्षा 9 और 11 वीं की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही है। जिसके चलते बुधवार को परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया। दरअसल परीक्षाओं पैटर्न बोर्ड परीक्षाओं की तरह है, जिसके चलते परीक्षाओं के लिए जिले में 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जहां पर कक्षा 9 एवं 11 वीं के परीक्षार्थी अपना प्रश्न पत्र हल करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर



सिसौदिया के निर्देशन में शासकीय ईएफए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में प्राचार्य राकेश यादव के मागदर्शन में परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया। यह परीक्षा सामग्री जिले में बनाए गए 11 अभिरक्षा केंद्रों के प्रभारियों को प्रदान की गई। जहां परीक्षा से पूर्व केंद्र अध्यक्ष परीक्षा सामग्री लेगे। परीक्षा सामग्री वितरण को लेकर प्राचार्य श्री यादव ने बताया जिले में कक्षा 9 एवं 11वीं की परीक्षाओं के जिले में कुल 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। तो वही जिले के मुंगावली में 4, ईसागढ़ में 3 , चंदेरी में 2 और अशोकनगर में दो अभिरक्षा केंद्र बनाए गए है, जहां से केंद्र प्रभारी परीक्षा सामग्री लेकर परीक्षा कराएगें।

# विरोध दिवस पर विभिन्न संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले बुधवार को विभिन्न संगठनों द्वारा अपनी मांगो से सबंधित एक-एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपे। ज्ञापन से पूर्व समस्त कर्मचारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नबंर 2 पर एकत्रित हुए और वहां से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर नारेबाजी करते हुए सभी संगठनों द्वारा ज्ञापन दिये गए।

दरअसल भारतीय मजदूर संघ का देश व्यापी आंदोलन केन्द्र/प्रदेश आव्हान पर अशोकनगर मे धरना प्रदर्शन व रैली निकाल कर विरोध दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय मजदूर संघ के 29वे अधिवेशन 6,7,8 फरवरी2026 मे पुरे तय हुआ था । इसी क्रम मे भारतीय मजदूर संघ अशोक नगर द्वारा प्लेटफार्म नंबर 2 से सैकड़ो की संख्या मे रैली निकाली कर धारना प्रदर्शन कर नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान केंद्रीय ज्ञापन और प्रदेश स्तरीय ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) की उपस्थिति में संघ जिलामंत्री शिशुपाल यादव द्वारा किया। तो वहीं जिला स्तर की समस्याओं को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की मांगों का एक ज्ञापन आंगनबाड़ी महासघ जिलाध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा, सचिव अल्का सक्सेना द्वारा दिया गया। साथ ही एक ज्ञापन आशा और सुपरवाइजर की मांगों का आशा सुपरवाइजर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल,



अध्यक्ष शिल्पा शर्मा दिया गया।

**गायत्री यज्ञ** — **गायत्री परिवार ने नईसराय में आयोजित किया पंचकुंडीय महायज्ञ**

# विश्व कल्याण की कामना को लेकर श्रद्धालुओं ने दीं आहूतियां

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अखंड दीप शताब्दी एवं भगवती देवी जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार द्वारा तहसील नईसराय स्थित गायत्री मंदिर परिसर में विश्व कल्याण हेतु पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मानव कल्याण, जगत कल्याण की कामना को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा आहूतियां दी गई। यज्ञ की पूर्णाहुति ट्रस्टी उमा दुबे, कविता साहू, मंजू डांगी एवं शंभू दयाल साहू के सानिध्य में संपन्न हुई।



इस आध्यात्मिक आयोजन में गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों एवं जिला पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा, जिनमें प्रमोद शर्मा (खतौरा), राजेंद्र सिंह रघुवंशी विनयका, हरिसिंह रघुवंशी, अमरसिंह रघुवंशी, सरदारसिंह रघुवंशी, रमेशचंद्र शर्मा, शिवराम रघुवंशी और जिला समन्वयक दौलत सिंह चौहान शामिल थे। अजय रघुवंशी युवा प्रकोष्ठ, भूपेंद्र रघुवंशी ने भी व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। इस महायज्ञ में लगभग 40 स्थानीय श्रद्धालुओं ने विश्व शांति हेतु आहुतियां समर्पित कीं। यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने गुरुदेव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर 20 परिजनों ने गुरु दीक्षा ग्रहण कर श्रेष्ठ जीवन का संकल्प लिया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर गुरुदेव के विचारों के प्रचार-प्रसार हेतु साहित्य स्टॉल लगाई गई, जहां श्रद्धालुओं ने सद्ज्ञान प्राप्त किया। आयोजन के दौरान समाज में सद्भाव, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया।

# जिपं सीईओ ने लिया मुनिश्री से आशीर्वाद

**मुनिश्री दुर्लभ सागर के यहां पहुंचे राजेश जैन**

**मुनिश्री ने अतिशय के बारे में बताया**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज का मंगल आगमन नगर से 16 किलोमीटर दूर स्थित मल्हारगढ़ में हुआ, जहां मुनिश्री की भव्य मंगल आगवानी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। मुनि संघ सीधा पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे,जहां मूंज श्री भगवान



के दर्शन कर श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए इस दौरान देव श्री लक्ष्मीनारायण जी का बड़ा मंदिर के युवराज के साथ जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन ने मुनि संघ के दर्शन किए, साथ में मल्हारगढ़ के सरपंच मोहर सिंह गुर्जर एवं सचिन जैन कंसल मौजूद रहे। वही मुनि श्री ने कहा कि धर्म के बिना संसार में कोई काम सफल नहीं हो सकता है इसलिए व्यक्ति को हमेशा धर्म के साथ चलना चाहिए और परोपकार की भावना हमेशा बनाए रखना चाहिए, इस अवसर पर मुनिश्री ने मंदिर के अतिशय के बारे में भी बताया।